MUNJAL SHOWA LIMITED

Registered Office & Works : 9-11, Maruti Industrial Area, Sector - 18, Gurugram - 122 015 (Haryana) INDIA
E-mail : msladmin@munjalshowa.net Website : www.munjalshowa.net
Corporate Identity Number : L34101HR1985PLC020934
Phone : 0124-4783000

November 14, 2026

The D.G.M. (Listing)
Corporate Relation Department
BSE Ltd.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400 001
Security Code: 520043

The Asst. Vice President
Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra-Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai – 400 051
Security Code: MUNJALSHOW

Sub: Newspaper advertisement(s) - Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015 ("Listing Regulations")

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 and other applicable provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations 2015, please find enclosed the copy of Newspaper advertisements published in newspapers viz. "Mint" in the English language on November 14, 2026 and "Hindustan" in the Hindi language on November 14, 2026 for Unaudited Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2026.

The aforesaid advertisement(s) are also available on the website of the Company:

https://munjalshowa.net/investors/published-material/

Kindly take the aforesaid information on your records.

Thanking you,

Yours sincerely,
For MUNJAL SHOWA LIMITED

RAVINDER SHARMA
Digitally signed by RAVINDER SHARMA
Date: 2026.11.14 13:01:24 +05'30'

(Ravinder Sharma)
Company Secretary & Compliance Officer
Membership No.: A72077

Encl: as above

MINT MEDIA MARKETING INITIATIVE

mint The Festive Edge
LEADERS' LENS

As part of Mint's Festive Edge initiative, Leaders' Lens brings together industry perspectives on the consumer shifts, market trends and brand priorities shaping the festive season.



AJINKYA KULKARNI,
CEO and CO-Founder, Wint Wealth

What is the one shift in how Indians are shopping this festive season that feels meaningfully different from last year?
I can talk about investing and specifically investing in Bonds, thanks to increased awareness around the category and the way equity markets have performed, our volumes are up more than five times of last year.

Where does a festive purchase really get decided today - at the showroom, a phone screen, or in a conversation at home?
I feel it is mix of many touch points, and in my opinion boils down to time spent by your ideal TG. If your TG is spending 3-4 hours on instagram there is no way you should not have meaningful presence on the platform in whatever capacity - either through influencers or through your own channels. We have focused on Youtube for past four years and it has been widely successful and it is all because users are spending good amount of time on the platform for making their investment decisions.

Where are consumers willing to trade up this festive season and where is value still winning over aspiration?
I feel the classic understanding of Indian consumer is that we spend on things that are in Living rooms (to show others) more than we spend on things in our bedroom (for ourselves) I feel this is changing amongst the top 1-3% of the population which is where majority of commerce spending is coming from.

In a festive season crowded with offers, screens, scrolls and messages, where can a brand still earn attention?
Nothing beats a good word of mouth, and that is only possible when you have made a product with the right features as well as price, that being said marketing is becoming harder and harder given that there is so much to pay attention to for consumers. That said I would refer to my previous answer which is try and get dominance where your TG is spending the most time. Just look at Meta and what they did with muse, they knew power users of AI are on X and they swallowed their ego and started posting there.

Disclaimer: Leaders' Lens is a marketing initiative by HT Media. The news and editorial teams of Mint had no role in its creation.

MUNJAL SHOWA LIMITED
CIN: L34101HR1985PLC020934
Registered Office & Works: Plot No. 9-11, Maruti Industrial Area, Sector - 18, Gurugram-122015 (Haryana), Tel.:+91-124-4783000
Email: cs@munjalshowa.net | Website: www.munjalshowa.net

EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED SEPTEMBER 30, 2026

(₹ in Lakhs, except per equity share data)

S. No.	Particulars	3 months Ended 30.09.2026 (Unaudited)	Year ended 31.03.2026 (Audited)	3 months ended 30.09.2025 (Unaudited)
1.	Total Income from operations	39,798.05	1,31,542.15	33,262.43
2.	Net Profit for the period before tax and exceptional items	1,194.13	3,177.77	394.83
3.	Net Profit for the period before tax and after exceptional items	1,194.13	2,957.75	394.83
4.	Net Profit for the period after tax and after exceptional items	882.60	2,187.17	272.81
5.	Total comprehensive income for the period (after tax)	874.59	2,155.15	256.58
6.	Equity Share Capital	799.93	799.93	799.93
7.	Reserves excluding revaluation reserve as on March 31, 2026		67,002.78	
8.	Earnings Per Share (after extraordinary item/s)(of Rs. 2/- each)	2.00	2.00	2.00
	Basic: (In rupees)	2.21	5.47	0.68
	Diluted: (In rupees)	2.21	5.47	0.68

Note:
The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.munjalshowa.net.

For and on behalf of the Board
Sd/-
(Yogesh Chander Munjal)
Chairman & Managing Director
DIN 00003491

Place : Gurugram
Dated : November 13, 2026

Hindustan Times FIRST VOICE. LAST WORD.

SMARTER FINANCIAL DECISIONS START HERE
EVERY WEDNESDAY

INTRODUCING
Hindustan Times
YOUR MONEY
PERSONAL FINANCE. MADE SIMPLE.

Your Weekly Guide to Smarter Money Decisions.

SPEND SAVE INVEST PLAN

READ EVERY WEDNESDAY

hindustantimes HTTweets www.hindustantimes.com

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट सं. 01, नालेज पार्क-IV, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in ई-मेल: authority@gnida.in

पत्रांक: स्वा.वि./2026/2290 दिनांक: 13.11.2026

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

वरिष्ठ प्रबन्धक (स्वास्थ्य), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–स्वा.वि./2026/2289, दि. 13.11.2026 के माध्यम से निम्न क्रम सं. 01 से 03 के कार्यों की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.gnida.up.gov.in** पर ई–निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटें देखते रहें।

क्र. सं.	कार्य का नाम/वर्क सर्किल	अनुमानित लागत
1.	Supply of Green Fodder for Gaushala in Village Jalpura for One Year in Greater Noida.	Rs. 657.00 Lakh
2.	Supply of Green Fodder for Gaushala in Village Powari for One Year in Greater Noida.	Rs. 105.12 Lakh
3.	Supply of Wheat Husk for Gaushala in Village Jalpura for One Year in Greater Noida.	Rs. 821.25 Lakh

उक्त कार्य की निविदा दिनांक **16.11.2026 से 30.11.2026 को 17:00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है उक्त कार्य की ई–निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन बिड दिनांक **01.12.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** खोली जायेगी। **वरिष्ठ प्रबंधक (स्वास्थ्य)**

Follow Us on / OfficialGNIDA

Hindustan Times FIRST VOICE. LAST WORD.

CURIOSITY DESERVES A SUNDAY

Spend Sunday discovering something you didn't know you wanted to know.
From culture and lifestyle to ideas that shift perspectives, HT WKND brings together stories that surprise, inspire and stay with you long after you've turned the page.



HT wknd
A PART OF YOUR EVERYDAY LIFE

READ EVERY SUNDAY

hindustantimes htTweets www.hindustantimes.com

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की ड्राफ्ट मतदाता सूची 17 नवंबर को जारी होगी

यूपी की मतदाता सूची में 20 लाख वोटर बढ़े

एसएसआर

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपी की मतदाता सूची में पिछले सात महीने में करीब 20 लाख नए वोटर बढ़े हैं। अप्रैल से लेकर नवंबर में अभी तक यह नए वोटर मतदाता सूची में जुड़े हैं। पहले 13.39 करोड़ मतदाता थे और अब उनकी संख्या बढ़कर करीब 13.59 करोड़ हो गई है।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की प्रक्रिया चल रही है। 17 नवंबर को एसएसआर की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होगी। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं। आगे 21 व 22 नवंबर और 28 व 29 नवंबर को प्रत्येक बूथ पर विशेष अभियान चलाए जाने की तैयारियां की जा रही हैं। सभी 1.73 लाख पोलिंग बूथों पर बीएलओ की मदद से लोग फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे।

एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता फॉर्म भरकर वोटर बन सकते हैं। यूपी में पंचायत व नगर निकाय चुनाव की मतदाता सूची से करीब 2.38 करोड़ कम लोग यूपी की मतदाता सूची में हैं। ऐसे में सभी जिलों में पोलिंग बूथ स्तर पर तीनों मतदाता सूचियों का मिलान कराया जा रहा है। छूटे हुए वोटरों को जोड़ने के साथ नए मतदाताओं को भी जोड़ा जाएगा। सभी विभागों से समन्वय कर छूटे हुए लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने की तैयारी है।

4 जनवरी 2027 को होगा सूची का प्रकाशन : एसएसआर की प्रक्रिया के तहत 17 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होगी। दावे व आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा। वहीं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चार जनवरी 2027 को किया जाएगा।

उत्तराखंड : वोटर्स की संख्या 72.78 लाख के पार

देहरादून, मुख्य संवाददाता। उत्तराखंड में मतदाताओं की कुल संख्या बढ़कर 72,78,035 हो गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद चलाए गए विशेष अभियान में महज 40 दिनों के भीतर प्रदेश में 1,19,086 मतदाता बढ़े हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.विजय कुमार जोगदंडे ने शुक्रवार को इस आंकड़े को साझा करते हुए राज्य में एसएसआर की औपचारिक शुरूआत की। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीते 3 अक्टूबर को एसआईआर की अंतिम सूची जारी होने के समय राज्य में 71,58,949 सामान्य मतदाता थे। इसके बाद 4 से 31 अक्टूबर तक चले विशेष अभियान के दौरान 1,25,216 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए।

राजस्थान : सवा पांच करोड़ से अधिक मतदाता

जयपुर। राजस्थान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) 2027 के तहत गुरुवार को जारी मतदाता सूची के मसौदे में 5.26 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले, राज्य निर्वाचन कार्यालय ने 21 फरवरी को एसआईआर के तहत अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की थी, जिसमें 5.15 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम दर्ज थे।

बंगाल : 16 जनवरी को आएगी मतदाता सूची

कोलकाता। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि एसएसआर के तहत पश्चिम बंगाल के लिए मतदाता सूची का मसौदा 23 नवंबर को जारी करेगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 16 जनवरी, 2027 को जारी की जाएगी। यह पुनरीक्षण 1 जनवरी, 2027 को 'अर्हता तिथि' मानकर किया जाएगा। इससे वे लोग खुद को मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकेंगे, जो उस तारीख तक 18 वर्ष के हो जाएंगे।

नाम जोड़ने के अभियान में जुटें : योगी



लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी फर्स्ट टाइम वोटर और छूटे हुए लोग मतदाता बनने से रह न जाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग घुसपैठियों की तरह मतदाता सूची में घुस गए हैं। ऐसे लोगों को सूची से बाहर करना है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भाजपा के मतदाता जोड़ो अभियान की प्रदेश कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन बेटियों की शादी हो गई है, उनका वोट मायके से तो कट गया लेकिन ससुराल में नहीं बना तो उसे बनवाना है। कोई 18 साल का युवा छूटने न पाए। प्रधानी की लिस्ट में जिनके वोट हैं, ये सुनिश्चित करें कि उनके विधानसभा की मतदाता सूची में भी हों। उन्होंने कहा कि सब काम छोड़कर वोटर बनाने के अभियान में जुटें। हिंदुओं के 1.27 करोड़ वोट कटे हैं। आपत्ति हमें करनी चाहिए थी, मगर विपक्ष बेवजह का शोर मचा रहा है। इस पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है।

डीजीपी को हटाए आयोग : अखिलेश



लखनऊ, विशेष संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से मांग की है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग डीजीपी, मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव होम को हटाए।

अखिलेश शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्हें पहले कैसे पता चल जाता है कि वोट कट रहा है। मुख्यमंत्री ने समाज में डर फैलाने और चुनावी लाभ के लिए 1.27 करोड़ हिंदू वोट कटने का बयान दिया है, इससे सावधान रहने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हमने 25 लाख डुप्लीकेट वोटर चिह्नित किए हैं, इसकी सूची चुनाव आयोग को सौंपी जाएगी, वे हमें इनाम दें।

परिसीमन प्रक्रिया को कोर्ट में चुनौती

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में नगर निगम वार्डों के परिसीमन को लेकर एक नई कानूनी चुनौती कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची है।

सीपीआई (एम) के एक नेता ने हावड़ा नगर निगम (एचएमसी) में वार्डों के पुनर्गठन के खिलाफ याचिका दायर की है। इससे कुछ दिन पहले ही कोलकाता में नगर निगम की सीमाओं को लेकर हुए ऐसे ही विवाद के कारण वहां चुनाव प्रक्रिया रुक गई थी। इम्तियाज अहमद ने याचिका में उस प्रक्रिया को चुनौती दी गई है, जिसके तहत नगर निगम में वार्डों की संख्या 50 से बढ़ाकर 68 कर दी गई थी।

सपा जल्द घोषित करेगी उम्मीदवार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सपा ने विधानसभा की 86 आरक्षित सीटों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इन सीटों के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों, ब्लाक प्रभारियों और प्रमुख नेताओं के साथ शुक्रवार को बैठक की।

इसमें सपा अध्यक्ष ने सभी को 2027 विधानसभा चुनाव को जिताने का लक्ष्य दिया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने नवंबर अंत तक टिकट फाइनल करने की मांग की। इस पर अखिलेश ने उन्हें जल्द विचार कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।



छठ में दिखती है बिहार की विरासत

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पटना के दीघा घाट पर गंगा में स्नानकर छठ महापर्व अनुष्ठान की शुरुआत की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि छठ बिहार की समृद्ध विरासत, परिवार की एकता, साफ-सफाई, नियम-कायदे और कुदरत के प्रति आदर का प्रतीक है।

देश 30s

तमिलनाडु के सीएम की सुरक्षा में सेंध

चेन्नई। चेन्नई के कोलाथुर में शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। घटना के दौरान मुख्यमंत्री एक कार्यक्रम के लिए पैदल स्कूल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने सुरक्षा घेरा तोड़कर मुख्यमंत्री की ओर बढ़ने की कोशिश की। इससे अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत काबू में कर लिया।

सुनेत्रा के साथ विलय पर कोई चर्चा नहीं : भरणे

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों के विलय की नई चर्चाओं के बीच महाराष्ट्र के मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने शुक्रवार को कहा कि उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के आवास पर हुई बैठक में कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह कोई पार्टी बैठक नहीं थी और न ही विलय को लेकर कोई चर्चा हुई। चर्चा मुख्य रूप से सूखे की स्थिति और निर्वाचन क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों के बारे में थी।

भोजपुरी गाने के मामले में राज ठाकरे ने घेरा

मुंबई। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए छठ पूजा के मुद्दे का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र में सांस्कृतिक और क्षेत्रीय टकराव भड़काने की कोशिश कर रही है। ठाकरे की यह टिप्पणी मुंबई के कुछ रेलवे स्टेशनों पर छठ पूजा से पहले भोजपुरी गाने बजाए जाने को लेकर विवाद खड़ा होने के दो दिन बाद आई है।

तिरुपति में भक्त ने ट्रस्ट को 10 करोड़ दान किए

तिरुपति। हैदराबाद के एक भक्त ने शुक्रवार को 'श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट' को 10 करोड़ रुपये दान किए। यह तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा संचालित किया जाता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, कोडाली श्रीकांत ने श्रीवारी मंदिर के रंगनायकुल मंडप में टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी को दान का चेक सौंपा।

मणिपुर-गुवाहाटी के बीच यात्री ट्रेन का प्रस्ताव

इंफाल। मणिपुर और असम के गुवाहाटी के बीच यात्री ट्रेन शुरू करने का प्रस्ताव राज्य सरकार ने रेल मंत्रालय को सौंपा है। यह जानकारी मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इससे राज्य के लोगों को बहुत लाभ होगा। इंफाल रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के वर्ष के अंत तक राज्य के दौरे पर आएंगे।

विशेष सत्र की कोई सूचना विपक्ष को नहीं : प्रियंका



वायनाड, एजेंसी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित परिसीमन विधेयक पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की केंद्र सरकार की किसी योजना के बारे में विपक्षी दलों को जानकारी नहीं दी गई है।

प्रियंका बुधवार से शुरू हुए अपने चार दिवसीय दौरे के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही हैं। संसद का विशेष सत्र बुलाकर प्रस्तावित परिसीमन विधेयक पर चर्चा किए जाने की योजना संबंधी खबरों के बारे में उन्होंने कहा, सरकार ने हममें से किसी को इसकी सूचना नहीं दी है। इसलिए, यदि वे इसकी योजना बना रहे हैं तो मुझे नहीं पता। फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष के प्रदर्शन के बारे में प्रियंका ने आरोप लगाया कि असहमति जताने वाले लोगों की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा, जो भी कुछ कहना चाहता है या अपनी बात रखना चाहता है, उसे दबा दिया जाता है और बोलने से रोक दिया जाता है। हमने पिछले कुछ महीनों में लगातार ऐसा होते देखा है। उन्होंने आरोप लगाया, हम संविधान और उसके मूल्यों की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं।

वायनाड में 'हनी मिशन' शुरू किया जाएगा

केरलम सरकार वायनाड जिले के सुगंधागिरी आदिवासी गांव में प्रियंका गांधी के सुझाव पर पहले चरण में 'हनी मिशन' शुरू करेगी। राज्य के कृषि मंत्री टी सिद्दीकी ने शुक्रवार को प्रियंका गांधी की मौजूदगी में इस पहल को लागू करने का आश्वासन दिया। वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने आदिवासी बस्ती के दौरे के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आदिवासी समुदायों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से सुगंधागिरी में भी हनी मिशन का विस्तार करने का सुझाव दिया था।

भाजपा की शीर्ष इकाइयों में भी बदलाव के आसार

तैयारी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भाजपा नेतृत्व अपने संगठन को नया स्वरूप देने के बाद शीर्ष संगठनात्मक इकाइयों, केंद्रीय संसदीय बोर्ड, केंद्रीय चुनाव समिति और मार्गदर्शक मंडल में भी बड़े बदलाव कर सकती है।

इन इकाइयों को राष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों का अनुभवी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। इन तीनों इकाइयों का गठन इसी माह संभावित है। मार्गदर्शक मंडल का विस्तार भी किए जाने की संभावना है।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी केंद्रीय पदाधिकारियों की टीम का गठन कर संगठन के काम को तो तेज किया है, लेकिन केंद्रीय संसदीय बोर्ड, केंद्रीय चुनाव समिति व मार्गदर्शक मंडल को नवगठित करना बाकी है। गौरतलब है कि नवीन ने इस साल जनवरी में नए अध्यक्ष का कार्यभार संभाला था, लेकिन इन शीर्ष इकाइयों के साथ अभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन होनी भी बाकी है। अभी पार्टी अपनी पिछली इकाइयों के साथ ही काम कर रही है।

नई समितियों के साथ ही होंगे अहम फैसले : सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इन इकाइयों का गठन कर लिया जाएगा और पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय स्तर से उम्मीदवारों के चयन व अन्य दूसरे अहम फैसले अब नई समितियों के साथ ही होंगे।

मार्गदर्शक मंडल को भी नया स्वरूप देने की संभावना : केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल को भी नया स्वरूप दिए जाने की संभावना है। मार्गदर्शक मंडल में अभी वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। सूत्रों का कहना है कि इसमें कुछ और वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया जा सकता है। हालांकि यह सम्मान सूचक निकाय है, जिसका पार्टी के रोजमर्रा के कामकाज से कोई सरोकार नहीं होता है।

बोर्ड, चुनाव समिति में नए चेहरों को ज्यादा जगह

सूत्रों का कहना है कि संसदीय बोर्ड व चुनाव समिति में नए चेहरों को ज्यादा जगह दी जाएगी। केंद्रीय संसदीय बोर्ड में चार से पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। इसी तरह केंद्रीय चुनाव समिति में पदेन संसदीय बोर्ड व महिला मोर्चा की अध्यक्ष के साथ बाकी नए सदस्यों में भी नए चेहरों को शामिल किए जाने की संभावना है। इन प्रमुख इकाइयों के गठन में पार्टी देश के विभिन्न क्षेत्रों, वर्गों व वरिष्ठता के साथ नई पीढ़ी को भी आगे लाएगी।

ऐसे गठबंधन का वजूद नहीं : रामगोपाल

इटावा, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव ने ओवैसी और चंद्रशेखर के गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि जीरो को जीरो के साथ जोड़ने पर रिजल्ट जीरो ही आता है। ओवैसी और चंद्रशेखर के गठबंधन पर कहा कि इस गठबंधन का कोई वजूद नहीं है। शुक्रवार को केदारेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि नेताओं के फोन टैप करना निंदनीय है। नेता विपक्ष राहुल गांधी का फोन टैप किए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि अकेले राहुल गांधी के ही नहीं सभी लोगों के फोन टैप हो रहे हैं।

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (LPAI), गृह मंत्रालय (MHA)
(प्रतिनियुक्ति के आधार पर सदस्य (योजना एवं विकास) के पद पर नियुक्ति)

गृह मंत्रालय द्वारा भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (LPAI) में सदस्य (योजना एवं विकास) के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु रिक्ति परिपत्र (Vacancy Circular) जारी किया गया था। उक्त रिक्ति परिपत्र के अनुसार, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.10.2026 निर्धारित की गई थी। अब, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30.11.2026 कर दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं विस्तृत विवरण के लिए गृह मंत्रालय की वेबसाइट https://mha.gov.in तथा भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट https://lpai.gov.in का अवलोकन करें।

सीबीसी 19142/11/0021/2627

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (गृह मंत्रालय, भारत सरकार)
nidm Resilient India - Disaster Free India

रिक्ति घोषणा

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान को प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी) आधार पर अपने रा.आ.प्र.सं., विजयवाड़ा (साउथ कैम्पस), आंध्र प्रदेश के लिए निम्नलिखित ग्रुप 'ए' पदों को भरने हेतु योग्य अधिकारियों की सेवाओं की आवश्यकता है:

पद का नाम	पदों की सं.	वेतन स्तर
एसोसिएट प्रोफेसर	2	12

उपरोक्त पद के विवरण एवं आवेदन का निर्धारित प्रारूप वेबसाइट https://nidm.mha.gov.in पर उपलब्ध हैं। आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि** 30.11.2026 है।

सीबीसी 19107/11/0024/2627 कार्यकारी निदेशक, रा.आ.प्र.सं.

रैली में शामिल नहीं होने वाले 68 कांग्रेस पदाधिकारी निलंबित

लखनऊ, विशेष संवाददाता। दिल्ली में हुई रैली में शामिल नहीं होने पर तमाम राज्यों में हुई कार्रवाई के बाद यूपी में भी युवा कांग्रेस के 68 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें 12 जिला अध्यक्ष, तीन प्रदेश उपाध्यक्ष, 33 प्रदेश महासचिव और 18 प्रदेश सचिव शामिल हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नई दिल्ली में कांग्रेस की अगुआई में हुई इंडिया गठबंधन की रैली से दूरी बनाए रखने वाले पार्टी नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व से निर्देश के बाद युवा कांग्रेस में जोनवार कार्रवाई की गई है। मध्य जोन के प्रदेश अध्यक्ष ने एक उपाध्यक्ष, तीन महासचिव, पांच सचिव और दो जिला अध्यक्षों को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। पूर्वी जोन के अध्यक्ष ने सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर, 18 सचिव, एक संयुक्त सचिव, 12 जिला अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष और 28 महासचिवों को निलंबित किया है।

भाजपा-सपा में अयोध्या दौरे पर जुबानी जंग तेज

सियासत

अयोध्या, वरिष्ठ संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 12 दिसंबर को प्रस्तावित अयोध्या दौरे को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा विधायक रामचंद्र यादव और सपा के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने इस मुद्दे पर एक-दूसरे से अलग-अलग रुख जाहिर किए हैं।


रुदौली से भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने दौरे की चर्चा को सपा का प्रोपेगंडा करार दिया, जबकि पवन पांडेय ने संतों की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया। रामचंद्र यादव ने कहा कि अखिलेश यादव ने खुद अभी अपने अयोध्या दौरे की पुष्टि नहीं की है। ऐसे में उनके आने की बात कैसे मानी जा सकती है। उन्होंने इसे समाजवादी पार्टी का भ्रम फैलाने का पुराना तरीका बताया।

वहीं, अखिलेश यादव के प्रस्तावित दौरे को लेकर पूर्व मंत्री और सपा नेता तेज नारायण पांडेय पवन ने संतों की ओर से लगाए जा रहे आरोपों को नकारा है। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलवाने का आदेश नहीं दिया था। इस मुद्दे पर बार-बार आरोप लगाना महज दिखावे की बातें हैं। इस तरह की बातें करके केवल राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है।

मुहूर्त तय, 12 दिसंबर को ही दर्शन करेंगे

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 12 दिसंबर को ही अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। पूर्व मंत्री एवं सपा नेता तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि दर्शन के लिए मुहूर्त पहले ही निकलवाया जा चुका है। इसी के बाद 12 दिसंबर की तारीख तय की गई है। अखिलेश यादव अपनी पत्नी एवं सांसद डिंपल यादव के साथ अयोध्या पहुंचेंगे।

SWEATSHIRT
Jackets & Sweaters
SALE
Hi-Fashion winter new collection
Branded Sweaters, Jackets, Lowers
Sweat Shirts & Track Suits
upto 60% off
MEN, WOMEN & KIDS WEAR
By Economy Sales: 9212758425
Gurpurab Offer Till 25th Nov.
ARROW Raymond ColorPlus Levi's PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing



भारती एयरटेल लिमिटेड
bharti airtel
CIN: L74899HR1995PLC095967
पंजीकृत कार्यालय : एयरटेल सेंटर, प्लॉट नंबर 16, उद्योग विहार, फेज - 4, गुरूग्राम - 122015
कार्पोरेट कार्यालय : भारती क्रीसेन्ट 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, फेस - 2, नई दिल्ली 110070
फोन : 91-124-4222222, फैक्स : 91-124-4248063
ई-मेल : compliance.officer@bharti.in वेबसाइट : www.airtel.in

भारती एयरटेल लिमिटेड के आंशिक अधिकारों की आय का दावा करने के लिए सूचना

माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधिक अधिकरण द्वारा स्वीकृत तथा 1 जुलाई, 2019 से प्रभावी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के अंतर्गत टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) लिमिटेड ('टीटीएमएल') तथा भारती एयरटेल लिमिटेड ('कंपनी') एवं उनके संबंधित शेयरधारकों तथा लेनदारों के बीच व्यवस्था की योजना ('योजना') के अनुसरण में, कंपनी ने अभिलेख तिथि 12 जुलाई, 2019 को टीटीएमएल के पात्र इक्विटी शेयरधारकों को टीटीएमएल में धारित प्रत्येक 2,014 (दो हजार चौदह) इक्विटी शेयरों के लिए कंपनी के 1 (एक) इक्विटी शेयर के अनुपात में कंपनी के 5 रुपये (केवल पांच रुपये) के अंकित मूल्य के पूर्ण चुकता 970,668 इक्विटी शेयर (कुल मिलाकर आंशिक अधिकारों सहित) आवंटित किए थे।

योजना के अनुसार, उक्त आवंटन से उत्पन्न आंशिक अधिकारों को समेकित किया गया तथा भारती एयरटेल आंशिक शेयर अधिकार न्यास ('न्यास') को आवंटित किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, ऐसे समेकित आंशिक अधिकारों / शेयरों को तत्पश्चात न्यास द्वारा बेच दिया गया था, तथा उसकी निवल बिक्री आय को वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान उपर्युक्त अभिलेख तिथि को उनकी शेयरधारिता के अनुपात में पात्र टीटीएमएल शेयरधारकों के बीच वितरित किया गया था।

संबंधित शेयरधारकों को देय उपर्युक्त आंशिक अधिकारों की आय लगातार सात (7) वर्षों से बिना दावे के पड़ी हुई है। अधिनियम तथा नियमों के अंतर्गत, कोई भी राशि जो लगातार सात वर्षों तक बिना दावे के रहती है, उसे आईईपीएफ में अंतरित किया जाना अनिवार्य है। तदनुसार, कंपनी को संबंधित शेयरधारकों को उचित सूचना देने के पश्चात ऐसी अदावाकृत राशियों को आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित करना अपेक्षित है। इस संबंध में, आंशिक अधिकारों की उपर्युक्त आय का दावा करने के लिए संबंधित शेयरधारक (शेयरधारकों) के पंजीकृत पते पर एक अनुस्मारक पत्र भेजा गया है।

अतः कंपनी संबंधित शेयरधारक (शेयरधारकों) से अनुरोध करती है कि वे **15 फरवरी, 2027 को या** उससे पूर्व कंपनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण अभिकर्ता **("आरटीए"), केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** को मूल वारंट (यदि कोई हो) अथवा सभी संयुक्त धारकों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित क्षतिपूर्ति बंधपत्र के साथ (i) पैन कार्ड तथा पते के प्रमाण की स्व–सत्यापित प्रति (ii) निरस्त किए गए चेक की प्रति (iii) प्रपत्र आईएसआर–1 तथा आईएसआर–2 (यदि धारिता भौतिक फोलियो में थी; उक्त प्रपत्र आरटीए की वेबसाइट **https://investor.kfintech.com/investor-information-resources/** से डाउनलोड किए जा सकते हैं) (iv) क्लाइंट मास्टर सूची (यदि धारिता डीमैट माध्यम में थी) संलग्न करते हुए तत्काल एक आवेदन भेजकर उपर्युक्त आंशिक अधिकारों का दावा करें।

कृपया ध्यान दें कि यदि 15 फरवरी, 2027 तक कोई दावा प्राप्त नहीं होता है, तो **बिना किसी अन्य सूचना** के अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के अनुसार अदावाकृत राशि (राशियों) को आईईपीएफ में अंतरित कर दिया जाएगा।

किसी भी प्रश्न की स्थिति में, कृपया कंपनी के आरटीए से उनके पते केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम बिल्डिंग, टावर बी, प्लॉट 31–32, गाचीबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद–500032, भारत, टोल फ्री नं: 1800–309–4001; ईमेल : **einward.ris@kfintech.com**; वेबसाइट : **www.kfintech.com** पर संपर्क करें।

वास्ते **भारती एयरटेल लिमिटेड**
हस्ता./-
रोहित कृष्ण पुरी
कम्पनी सेक्रेटरी ऐंड कम्प्लायंस ऑफीसर

तिथि : 13 नवंबर, 2026
स्थान : नई दिल्ली

अनंत सिंह को समय दिया

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। मोकामा विधायक अनंत सिंह को विधानसभा की सदस्यता समाप्ति संबंधी नोटिस का जवाब देने के लिए 30 नवंबर तक का अतिरिक्त समय मिला है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनकी मांग पर यह मोहलत दी है। विधानसभा सचिवालय ने अनंत सिंह को सदस्यता समाप्ति के संबंध में नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा था। अनंत सिंह ने पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय मांगा था।

हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण

सार्वजनिक सूचना

हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा कार्य की आवश्यकतानुसार 01 वर्ष अथवा शासन से कार्मिकों की नियुक्ति होने तक (जो भी पहले हो) की अवधि के लिए अनुबन्ध पर अस्थायी रूप से नियत वेतन/मानदेय पर निम्न पदों हेतु सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

क्र० सं०	पदनाम	संख्या	प्रस्तावित नियत मानदेय प्रतिमाह
01	उपजिलाधिकारी/एस.डी.एम. स्तर के अधिकारी	01	70,000/–
02	तहसीलदार/नायब तहसीलदार	01	55,000/–
03	वैयक्तिक सहायक	01	35,000/–
04	उद्यान निरीक्षक	01	32,000/–
05	लेखपाल/भू–अर्जन अमीन लिपिक	01	20,000/–
06	लिपिक	01	20,000/–

नोटः– 1. नियम, शर्ते व आवेदन पत्र प्राधिकरण वेबसाइट http://hpdaonline.in व क्यूआर कोड से स्कैन की जा सकती है।
2. आवेदन हेतु अन्तिम तिथि–23/11/2026 अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार की तिथि–27/11/2026 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे प्राधिकरण सभागार में।

नियम, शर्ते व आवेदन पत्र के लिए स्कैन करें।

हापुड़ विकास प्राधिकरण हापुड़

मुंजाल शोवा लिमिटेड
MUNJAL SHOWA
सीआईएनः L34101HR1985PLC020934
पंजीकृत कार्यालय एवं वर्क्सः प्लॉट नं. 9–11, मारुति इंडस्ट्रियल एरिया, सैक्टर-18, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा)
फोनः +91–124–4783000; ई-मेलः cs@munjalshowa.net; वेबसाइटः www.munjalshowa.net

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही हेतु अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(₹ लाखों में, प्रति समता अंश डाटा के अतिरिक्त)

क. सं.	विवरण	30 सितम्बर 2026 को समाप्त तीन माह (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित)	30 सितम्बर 2025 को समाप्त तीन माह (अनअंकेक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय	39,798.05	1,31,542.15	33,262.43
2	कर एवं विशिष्ट मदों के पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ	1,194.13	3,177.77	394.83
3	कर पूर्व एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	1,194.13	2,957.75	394.83
4	कर पश्चात् एवं विशिष्ट मद पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ	882.60	2,187.17	272.81
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर पश्चात्)	874.59	2,155.15	256.58
6	समता अंश पूँजी	799.93	799.93	799.93
7	31 मार्च, 2026 को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व		67,002.78	
8	प्रति अंश आय (₹ 2 प्रत्येक) (असाधारण मद/मदों के पश्चात्)	2.00	2.00	2.00
	– मूलभूत (रुपये में)	2.21	5.47	0.68
	– डाइल्यूटेड (रुपये में)	2.21	5.47	0.68

टिप्पणीः
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटोंः www.nseindia.com एवं www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.munjalshowa.net पर उपलब्ध हैं।

कृते एवं मंडल की ओर से
हस्ता./–
(योगेश चन्दर मुंजाल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00003491

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 13 नवम्बर, 2026